एक नजर में

स्वामी विष्णु तीर्थ द्वार का हुआ नामांकरण

देवास। नगर निगम द्वारा स्टेशन रोड से मॉ चामुण्डा टेकरी पहुंच मार्ग पर स्थित द्वार का 6 जनवरी मंगलवार को पूज्य स्वामी सुरेशानंद तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य मे महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल ने तपोभूमि स्थल के शिलान्यास का पूजन किया ओर प्रवेश द्वार का विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पंडित, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अजय पंडित, पार्षद भूपेश ठाकुर के साथ शिलान्यास का पूजन कर व फीता खोलकर भव्य द्वार का नामांकरण किया। महापौर ने सभी को बधाई देते हुये कहा कि हम कृतज्ञ हे कि हमे ऐसे पुण्यावसर प्राप्त हो रहे है। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने बधाई देते हुये बताया कि स्वामी सुरेशानंद जी ने विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार से इस द्वार का नामांकरण स्वामी विष्णु तीर्थ जी के नाम से किये जाने हेतु आग्रह किया था। विधायक श्रीमंत पवार से किये गये आग्रह को आज द्वार का नामांकरण कर साकार किया। निगम परिषद द्वारा तपोभूमि के इस द्वार का नामांकरण स्वामी विष्णु तीर्थ द्वार करने का प्रस्ताव सर्व सम्मती से पास किया। कार्यक्रम मे बहन ब्रहम्म कुमारी, सुरेशचन्द्र व्यास, भास्कर सरमंडल, रामेश्वर जलोदिया, संकेत सुपेकर के साथ बडी संख्या मे अनुयाई एवं आश्रम से जुडे धर्मप्रेमी नागरिकगण उपस्थित रहे।

फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ आज

देवास। 7 से 9 जनवरी तक होने वाली 14वीं बालक 15 वर्ष नाइन ए साइट फुटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन आज 7 जनवरी को तुकोजीराव पवार स्टेडियम में 11.30 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि रायसिंह सेधव जिला अध्यक्ष भाजपा, राजेश यादव जिला महामंत्री भाजपा, हरजीत जुनेजा समाजसेवी, जितेंद्र वर्मा समाजसेवी, आर एस सोलंकी खेल गुरु, सुदेश सांगते विश्वामित्र अवार्ड, जयसिंह ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष नाइन ए साइट् फुटबॉल होगें। प्रतियोगिता में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, विदर्भ, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ़, गुजरात, दमन दीव, मध्य भारत और मध्य प्रदेश आदि टीम भाग लेगी। चैम्पियनशिप में 210 खिलाड़ी एवं 20 ऑफिशल्स शामिल होंगे। उक्त जानकारी मध्य प्रदेश 9 साइट्स के सचिव प्रवीण सागते ने दी।

ठा. मोती सिंह की स्मृति में एम.एल.मालवीय का सम्मान

देवास। समाजसेवी स्व. मोतीसिंह ठाकुर की स्मृति में पेंशनर संघ जिला देवास के संस्थापक संरक्षक तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एम.एल.मालवीय देवड़ा का मोतीसिंह ठाकुर के पुत्र सेवानिवृत्त शिक्षक, समाजसेवी सौभागसिंह ठाकुर ने साफा बंधाकर डायरी, पेन व महाकाल का चित्र भेंट कर सैकड़ों पेंशनरों की उपस्थिति में बैंक अधिकारियों के मुख्य आतिथ्य में सम्मानित किया।कार्यक्रम में पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास के जिलाध्यक्ष देवीशंकर तिवारी, प्रदेश पेंशनर संघ के उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी, पूर्व जिलाध्यक्ष फूलसिंह नागर, संगठन के कोषाध्यक्ष अशोक चौहान, सह कोषाध्यक्ष एम.एल.सोलंकी, हाटपीपल्या तहसील अध्यक्ष राधेश्याम सोलंकी, बी.के. मोदी, बागली के रामप्रसाद खराडिया, देवास तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार नागर, राधेश्याम शर्मा, सतीष तिवारी, शंकरलाल शर्मा, जगदीश सिंह बघेल, सुशीला कौशल, नाथूलाल राठौर, कालूराम नवगोत्री, गंगाराम चौधरी, डॉ. प्रेमचंद पाराशर, रतनलाल सोनी सहित कई पेंशनर उपस्थित थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का पीयर असेसमेंट किया

बागली। भारत शासन से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार राज्य स्वास्थ्य संस्थानों में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु कायाकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली का असेसमेंट दीपाली कलम जिला क्वालिटी मेनेजर जिला शाजापुर एवं सुश्री रुक्मणी आर्य, नर्सिंग ऑफिसर शाजापुर द्वारा ओपीडी, इंजेक्शन रूम, पेथॉलॉजी , लेबर रूम, मेटरनिटी वार्ड, जनरल वार्ड, ओटी तथा अस्पताल परिसर का मुल्यांकन किया गया । इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित नागर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रतनसिंह जामले, बीईई आर.एस. चौहान, बीसीएम यतीन्द्र बैरागी सुपरवाईजर नंदकिशोर मोहवाल, फार्मासिस्ट जितेन्द्र केरवाल एवं अनिल धाकरे, मेटरविंग प्रभारी योगिता योगी लेबोरेट्री प्रभारी राजकुमार भगोले, सहित समस्त अस्पताल स्टॉफ उपस्थित रहा ।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा ने दो बच्चियों को दी साइकिल

भौरासा। भारतीय स्टेट बैंक शाखा भौरासा के द्वारा बैंक परिसर में एक छोटे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में कॉरपोरेट सोशल रेसपोसिबीलिटी के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरासा कि छात्रों में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली दो छात्राओं का चयन किया गया जिनमें कक्षा 11,वीं की छात्रा कु, निकिता पिता कांतिलाल ग्राम कुलाला व कक्षा 10,वीं की छात्रा कु, सादिया पिता जाकिर शेख ग्राम भौरासा की दो छात्राओ का चयन किया गया इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विमल द्वारा बताया गया कि हमारी बैंक की सभी शाखाए प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन करती है जिसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन देती है जिस से बच्चों की हौसला अफजाई बढ़ती है इस अवसर पर भौरासा शाखा प्रबंधक रवि कुमार विमल, निर्मल मालवीय,प्रिया प्रजापति,जानवी सेवारमानी,अविनाश कौर, हरिनारायण परमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

भोपाल हाईवे पर कोहरे के चलते अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग की तैनाती

बीओटी संचालन का दिखा असर

देवास। भोपाल हाईवे पर घने कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए मार्ग प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग टीमों एवं फॉग लाइट से लैस एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती की गई है। यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह मार्ग बीओटी मॉडल के तहत फंड आधारित कंपनी द्वारा संचालित है, जहां सुरक्षा को लेकर त्वरित एवं सक्रिय निर्णय संभव हो पाए हैं। मार्ग संचालक कंपनी ने कोहरे के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन, 24×7 निगरानी व्यवस्था तथा त्वरित सहायता तंत्र को सक्रिय किया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा सके। विशेष रूप से दुर्घटना संभावित स्थलों पर एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती से टकराव की स्थिति में जान-माल की क्षति को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार, देवासङ्कभोपाल कॉरिडोर पर कोहरे की गंभीरता को देखते हुए कई अग्रिम सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। इसके अंतर्गत टोल प्लाज़ाओं पर ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें वाहन चालकों को कम दृश्यता में नियंत्रित गति और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही दृश्यता बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों पर पीले रिफ्लेक्टिव स्टिकर्स लगाए जारहे हैं, तथा चालकों से लो बीम हेडलाइट का उपयोग करने, हाई बीम से परहेज़ करने, गति सीमित रखने और कोहरे में ओवरटेकिंग से बचने का लगातार अनुरोध किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि इस प्रकार के व्यापक और सुनियोजित सुरक्षा उपाय सामान्यत: राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन एचएआई) के अधीन संचालित राष्ट्रीय राजमार्गों पर ही देखने को मिलते हैं, जबकि राज्य राजमार्गों पर ऐसी अग्रिम एवं व्यवस्थित व्यवस्थाएं प्राय: अनुपस्थित रहती हैं। ऐसे में देवास- भोपाल जैसे बीओटी आधारित मार्ग पर इन उपायों का लागू होना संचालन की तत्परता और उत्तरदायित्व को दर्शाता है। मार्ग प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और कोहरे जैसे प्रतिकूल मौसम में अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग, सतत निगरानी एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। देवास-भोपाल कॉरिडोर पर की गई यह पहल निजी सहभागिता के तहत संचालित सड़कों पर बेहतर प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता और सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण मानी जा रही है।

म.प्र. ने राष्ट्रीय सब-जूनियर सॉफ्ट टेनिस टीम ने जीता कांस्य पदक

देवास। विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि भुवनेश्वर (उड़ीसा) में 27 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक खेली गई 19 वी राष्ट्रीय सब-जूनियर सॉफ्टटेनिस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश बालक टीम ने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 05-03 सेट से हराते हुए सेमीफाइनल में संघर्ष पूर्ण मुकाबले में हरियाणा से परास्त होकर कांस्य पदक जीता। मध्यप्रदेश बालक टीम के कोच गौरव कदम थे। म प्र टीम की इस सफलता पर मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष डॉ आयुषी देशमुख, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की सचिव माया सांगते, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, देवास जिला सॉफ्टटेनिस के अध्यक्ष महेश चौहान, प्रदेश संघ की उपाध्यक्ष डॉ समीरा नईम, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, श्रीकांत उपाध्याय, हेमेन्द्र निगम काकू, मनीष जायसवाल, प्रवीण सांगते,प्रीति पवार, कमल सिंह आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

इंदौर में जहरीले पानी से मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि

देवास। इंदौर में जहरीला पानी पीने से अब तक 17 लोगों की जाने चली गई है और लगभग दो हजार आठ सौ लोगों का इलाज चल रहा है। सयाजी द्वार पर पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष दिग्विजयसिह झाला के नेतृत्व में श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं अस्वस्थ लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर हादसे में मृतजनों को मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शासन से मांग की है कि हादसे में मृत लोगों के परिवार को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाए। श्री झाला ने बताया कि देवास के कई वार्डो में भी दूषित पानी की शिकायतें आ रही है उसे गंभीरता से लिया जाए तथा सभी वार्डो की पानी सप्लाय करने वाली टंकियों की साफ सफाई करवाई जाए। इस अवसर पर पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, चंद्रपालसिंह सोलंकी, विश्वजीतसिंह चौहान, दीपेश कानूनगो, हिम्मतसिंह चावड़ा, राहुल पंवार, संतोष मोदी, जाकीर उल्ला शेख, रूपेश कल्याणे, मोनू चौहान, नईम एहमद, अतुलसिंह, अक्षय बाली, महेन्द्र घारू, विशाल यादव, रितेश शर्मा, लुकमान अली, सुनील कसान, महेन्द्रसिंह मेंढ़की, इरफान कुरेशी, शकील लक्की, रोहन वाघमारे, आकाश चौहान, समरोज पठान, अमन श्रीवास, शुभम सिसोदिया, कबीरसिंह गरासिया, सचिन, प्रथमसिंह पंवार, पियुष ठाकुर, विजय मामा, धारासिंह रोजड़ी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

भारतीय स्त्री शक्ति संगठन द्वारा सावित्रीबाई फुले जयंती जागृति मेला

महिला शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षिकाओं का किया सम्मान

देवास। भारतीय स्त्री शक्ति संगठन, देवास इकाई द्वारा सावित्रीबाई फुले जयंती के उपलक्ष्य में सावित्री जागृति मेला कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर (सीबीएसई), मुखर्जी नगर, देवास में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. राजश्री जोशी, मुख्य अतिथि के रूप में कल्पना जाधव तथा विशेष अतिथि मनोरमा सोलंकी एवं एडवोकेट मिथिलेश सोनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ-गीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी एवं ब्लाइंड स्कूल की बालिकाओं द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुआत आगे बढ़ी। संस्था की अध्यक्ष रमा यार्दी ने भारतीय स्त्री शक्ति की प्रस्तावना एवं परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता डॉ. राजश्री जोशी ने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले के जीवन, योगदान एवं शिक्षा आंदोलन पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसी क्रम में एडवोकेट मिथलेश सोनी ने मातृशक्ति की सामाजिक भूमिका को रेखांकित करते हुए संस्था के प्रयासों की सराहना की। महिला शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षिकाओं सुनीता घुले एवं कविता जोशी का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय नन्ही बालिका कविता द्वारा सावित्रीबाई फुले की वेशभूषा में विशेष प्रस्तुति रही। भारतीय स्त्री शक्ति के सदस्य सह सचिव मंजू जैन, कोषाध्यक्ष रेनू गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष पूनम शर्मा, कार्यालय मंत्री सुमन कुमावत, छाया कानूनगो, राखी दुबे, अनीता चौधरी आदि सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। इसी क्रम में छाया कानूनगो ने मुख्य वक्ता डॉ. राजश्री जोशी, मंजू जैन ने शिक्षिका सुनीता घुले तथा सुमन कुमावत ने शिक्षिका कविता जोशी का परिचय प्रस्तुत किया। अंत में मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। कार्यक्रम में 150 से अधिक मातृ शक्तियों की सहभागिता रही। मंच संचालन सहसचिव नीत अरोरा एवं रुचिका बरडे ने किया तथा अंत में सचिव डॉ. दिव्या दुबे ने सभी अतिथियों एवं सहभागी मातृशक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

गौ माता को राष्ट्र पशु घोषित करो की मांग को लेकर भोपाल तक पैदल यात्रा

अपने खून से पत्र लिखकर सौंपेंगे मुख्यमंत्री को पत्र

भौरासा। नेवरी फाटे पर स्थित बाबा श्री खाटू श्याम मंदिर से बाबा श्री श्याम के दर्शन कर व गाय माता की पूजन कर एक यात्रा नेवरी फाटे से भोपाल तक जितेंद्र गुर्जर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला गोरक्षा प्रमुख मगरिया, के द्वारा शुरू की गई जो भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास पर समापन होगी गुर्जर द्वारा बताया गया कि आज मैं और मेरे साथियों के द्वारा नेवरी फाटे से एक पैदल यात्रा शुरू की है जो भोपाल मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचकर खत्म होगी इस यात्रा का उद्देश्य है गौ हत्या बंद करो, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करो, व रोड पर बेबस और लाचार होकर जगह,जगह घूम रही गौ माता के लिए गौशालाओं का निर्माण हो, सहित कई मांगों को लेकर जितेन्द्र सिंह गुर्जर, भगवान सिंह गुर्जर,व जितेंद्र सिंह परमार पैदल भोपाल तक यात्रा कर रहे हैं जो अपने खून से लिखे हुए पत्र को मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष अपना मांग पत्र सौंपेंगे।

भोपाल जाते समय नेवरी फाटे पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग सेना गौ रक्षक जिला अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा,बबीता कौशल, दुर्गा वाहिनी,पारस मीना, डबल चोकी, लाखन सिंह गुर्जर,कृष्णा गोस्वामी, राजवीर दरबार, यश कारपेंटर, अतुल राठौर, अंकित गोस्वामी, डॉ हिमांशु हरसूल्य, शुभम गोस्वामी, नीरज गोस्वामी, अजय गुर्जर, नारायण शर्मा, मुरारीलाल लोधी, भगवान शिव गुर्जर, शाजापुर, जितेंद्र परमार, धर्मेंद्र शर्मा, संदीप गुर्जर, मोर सिंह, पिंटू लोधी, अर्जुन मगरिया, पिंटू जाधव, शुभम, मांगीलाल गुर्जर, एवं सभी गौ सेवक के कार्यकर्ताओं ने गुर्जर का स्वागत कर ढोल धमाको के साथ नेवरी फाटे पर,जुलूस निकाला इस अवसर पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, चरण सिह पंडा जी,अर्जुन गुर्जर, सहित लोगों द्वारा जगह-जगह गुर्जर व उनके साथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है गौदम्बा उत्सव

कन्नौद। कन्नौद मे प्रतिवर्ष 30 दिवसीय गौदम्बा उत्सव श्रद्धा भक्ति तथा उत्साह के मनाया जा रहा है । 16 दिसंबर से प्रारंभ इस उत्सव का समापन 14 जनवरी मकर सकांति के पावन पर्व पर होगा। यज्ञ विशाल आयोजन तालाब स्थित श्री नृसिंह मंदिर , राम बल्लभ मंदिर, श्रीराम मंदिर , जूना बाजार स्थित बड़े नरसिंह मंदिर में किया जा रहा है मंदिर के महंत और संचालक व्दारा सुबह से भगवान का आकर्षक श्रंगार झांकी सजाई जा रही है तथा भजन किर्तन और महाआरती के साथ ही भगवान को खिरावन तथा कई प्रकार के मीठे नमकीन व्यंजन का भोग लगा कर भक्तो को प्रसाद वितरण किया जा रहा है। तालाब स्थित श्री नृसिंह मंदिर मे महिला मण्डल के सदस्यो द्वारा बहुत ही अच्छे अच्छे भजनो की प्रस्तुति दी जा रही है। स्मरण रहे यह उत्सव सन 1977 से बाबा स्व. रामकृष्ण ओझा के द्वारा प्रारम्भ किया गया था। जो निरंतर चल रहा है । कड़ाके की सर्दी व तेज ठंड के चलते सुबह से मंदिरो मे भक्ति का स्वरूप देखते ही बनता है ।

बाल वाटिका में की अनियमितता की जांच हुई, सचिव निलंबित

बागली। विगत दिनों नवभारत समाचार पत्र में ग्राम पंचायत चार बर्डी में बन रही बाल वाटिका एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दर्जन भर हितग्राहियों को समय पर किस्त नहीं डलने के संबंध में खबर का प्रकाशन किया गया था ।जनपद प्रशासन बागली ने खबर की सत्यता को गंभीरता से लेते हुए जहां शुरू की जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत चार बड़ी के ग्राम रामपुरा में बन रही बाल वाटिका में बच्चों को खेलने के समान उचित तरीके से नहीं लगाये गये साथ ही बाल वाटिकाकी दीवारों पर रंग रोगन नहीं किया गया और भी बहुत सारी कमियां पाई गई मौके पर सभी शिकायत और खबर में प्रकाशित बातें सही पाई गई बागली जनपद सीईओ ने तत्काल प्रभाव से संबंधित सचिव राखी चौहान को आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया है। उनके स्थान पर रोजगार सहायक रितेश शिवहरे को चार्ज दिया गया है। संपूर्ण जांच होने तक उनका कार्य जनपद कार्यालय बागली रहेगा।

अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई तो कम्पाउंडिंग के माध्यम से अनुज्ञा शुल्क जमा कर मकान होंगे वैध

देवास। सभी प्राप्त टीएल शिकायतों का निराकरण समय पर हो। आयुक्त दलीप कुमार ने टीएल के सभी पत्रों के निराकरण हेतु सभी विभागों से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत कर प्रथक प्रथक टीएल मे प्राप्त शिकायतों पर चर्चा की तथा निराकरण के निर्देश दिये। वहीं आयुक्त ने विभागवार कार्यो की समीक्षा विभागीय अधिकारियों से की वहीं उर्जा संरक्षण मे किये गये कार्यो के तहत लगभग 8 लाख की प्रतिमाह बचत की जानकारी उपयंत्री पलक श्रीवास्तव ने आयुक्त को दी।आयुक्त ने एलईडी कलस्टर पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी उपयंत्री पलक श्रीवास्तव से ली तथा इलेक्ट्रिक पोल्स की नम्बरिंग करने के साथ जिन पोलों पर लाईट नही है उनकी सूची तैयार करने हेतु कहा। उद्यान विभाग से जानकारी लेते हुये आयुक्त ने विभागीय अधिकारी जगदीश वर्मा को सिवरेज का ट्रिटेड पानी पौधों तथा रोड डिवाईडर वाशिंग मे उपयोग करने तथा गार्डनों की सूची दिये जाने के निर्देश दिये। हमारे लिये यूनिक है देवास शहर मे इन्ट्री को लेकर सडक के दोनो ओर स्थित स्पोर्टस पार्क सुन्दरता व मार्मिकता का आभास दिलाता है। पार्क के दोनों ओर चौराहा तथा स्ट्रीट लाईट पोल्स पर सुन्दरता बढाने के लिये रंगीन लाईट लगाने का प्लान तैयार करने हेतु विधुत विभाग प्रभारी, उपायुक्त श्रीमती खेडेकर को निर्देशित किया। निगम सीमा क्षेत्र मे बिना अनुमति निर्माण व अनुमति के विपरित बने भवनों के स्वामित्वों को सूचना पत्र जारी करने के निर्देशों के साथ कम्पाउंडिंग करने हेतु प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को निर्देश दिये। आयुक्त ने हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक मिले इस हेतु जागरूकता लाने एवं संबल योजना मे पंजीयन के प्राप्त आवेदनों की पूरी तरह से जांच करने हेतु उपायुक्त श्री जाफरी को निर्देश दिये। आयुक्त ने सडक पर टेन्ट लगाने के लिये आम नागरिको को निगम से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के सडक पर या सार्वजनिक स्थानों पर लगाये गये टेन्ट पर चालानी कार्यवाही के निर्देश निगम उपायुक्त श्री पटेल को दिये।

एक नजर म.प्र. ईको पर्यटन बोर्ड के निर्देशन में खातेगांव रेंज के अनुभूति केम्प का आयोजन किया

केम्प में विद्यार्थियों ने किया वन भम्रण, वन्य प्राणियों एव वनों के महत्व को जाना

कन्नौद। उपवन मंडल कन्नौद के वन परिक्षैत्र खातेगांव अंतर्गत 05 जनवरी 2026 को प्रथम अनुभूति केम्प सब रेंज विक्रमपुर के आमला बीट के जंगल (माताजी टेकरी) में म.प्र. ईको पर्यटन बोर्ड के निर्देशन में अनुभूति केम्प का आयोजन किया गया। इस केम्प मे विक्रमपुर एवं आमला ग्रामीण क्षैत्र के विद्यालयो के कक्षा 6 से 12 वी तक के 126 विद्यार्थीयो को वन का भम्रण करा कर पेड, पौधो, वन्यप्राणियों, वन्यजीवों, पर्यावरण, चट्टानो, मृदाक्षरण, एव वन्यप्राणियों की पहचान उनके महत्व सर्प एवं गीदधों के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष काकडिया जनपद सदस्य, वन्यप्राणी के जानकार, संरक्षक जगदीश विश्नोई, संतोष साहू सरपंच मचवास, आशोक ईवने सरपंच आमला, आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों मे वनो के प्रति जागरूकता कायम करने एवं वनों के विभिन्न घटको को देखने व समझने के उद्देश्य से म.प्र. ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा प्रत्येक परिक्षैत्र मे अनुभूति केम्प का आयोजन किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर गुलाबसिंह निगवाल वन परिक्षैत्र अधिकारी खातेगांव, एव सत्यनारायण निनामा, साधूसिंह चैहान वनपाल ने अनुभूति केम्प में भाग ले रहे विद्यार्थियों को वन, वन्यप्राणियों, ईको सिस्टम, फूड चेन एवं पर्यावरण के प्रत्येक घटक के बारे में समझाया। विद्यार्थियों ने भी पेदल चलकर वन भम्रण किया एवं उनके प्रश्नों के जवाब दिये। इस अवसर पर गुलाबसिंह निगवाल वन परिक्षैत्र अधिकारी खातेगांव ने सभी विद्यार्थियों को म.प्र. के समस्त ईको विकास पर्यटन केन्द्र की जानकारी दी एवं आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम पुरूस्कार द्विव्यांश शा.मा.वि. विक्रमपुर, द्वितीय पुरूस्कार रूद्रनारायण , राजेश शा.मा.वि. आमला, तृतीय पुरूस्कार सलोनी पिता शान्तिलाल शा.मा.वि. विक्रमपुर को वितरण कर सम्मानित किया ।